# भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड

(प्रशिक्षण विभाग)

## राष्ट्रीय पशुपालन कौशल मिशन

## आवश्यकता

### वैकेंसी का विस्तृत विवरण

| क्र.स. | पदनाम | पद संख्या | मासिक वेतन (रुपयों में*) |
|---|---|---|---|
| 1. | राज्य परियोजना प्रबंधक | 21 | ₹50,000 - ₹70,000 |
| 2. | क्षेत्रीय परियोजना प्रबंधक | 84 | ₹40,000 - ₹50,000 |
| 3. | जिला कार्यक्रम अधिकारी | 421 | ₹30,000 - ₹40,000 |
| 4. | ब्लॉक पशुपालक संपर्क एवं प्रवेश अधिकारी | 2105 | ₹20,000 - ₹25,000 |
| 5. | प्रशिक्षण केंद्र प्रबंधक | 100 | ₹18,000 - ₹20,000 |
| 6. | MIS एवं कार्यालय सहायक | 200 | ₹18,000 - ₹20,000 |
| 7. | प्रशिक्षण केंद्र सहायक | 200 | ₹12,000 - ₹15,000 |

- **आवेदन की अंतिम तिथि**

**21 सितम्बर 2026, रात्रि 12:00 बजे तक**

ऑनलाइन आवेदन के लिए निगम की वेबसाइट पर जाएँ और **Apply Online** पर क्लिक करें।

https://www.bharatiyapashupalan.com/

### 1. भर्ती संबंधी सूचना

- भारत सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों की कौशल विकास नीति के अनुरूप भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर उपरोक्त मिशन संचालन हेतु विभिन्न राज्यों में लगभग 100 से 500 प्रशिक्षण केंद्र खोले जाने हैं | "राष्ट्रीय पशुपालन कौशल मिशन के अंतर्गत प्रक्षिशण केंद्र " स्थापित एवं संचालित किए जाने प्रस्तावित हैं। इन केंद्रों के संचालन हेतु विभिन्न पदों पर योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित है| इन प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से पशुपालन, डेयरी, पशु स्वास्थ्य एवं कौशल विकास से संबंधित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन किया जाएगा |

- राष्ट्रीय पशुपालन कौशल मिशन के अंतर्गत पशुपालन एवं पशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में कौशल विकास को बढ़ावा देने , पशुधन के प्रजनन एवं स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं को बेहतर करने तथा योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने

के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इस भर्ती के माध्यम से योग्य अभ्यर्थियों को संबंधित पदों पर कार्य करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपनी शैक्षणिक योग्यता, निर्धारित आयु सीमा एवं अन्य पात्रता मानदंडों को ध्यानपूर्वक पढ़कर संबंधित पद हेतु आवेदन कर सकते हैं। भर्ती से संबंधित पदों का विवरण, शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा, वेतन/मानदेय, चयन प्रक्रिया एवं आवेदन की आवश्यक जानकारी निम्नानुसार दी गई है।

- उक्त उद्देश्य की पूर्ति हेतु भारत के विभिन्न राज्यों के योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**महत्वपूर्ण सूचना :**

प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड द्वारा निर्धारित मानकों, प्रशासनिक आवश्यकताओं एवं प्रशिक्षणार्थियों की उपलब्धता के आधार पर किया जाएगा। भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड एक निजी क्षेत्र की पब्लिक लिमिटेड कंपनी है, अतः प्रशिक्षण केन्द्रों का संचालन निगम की नीतियों, व्यावसायिक आवश्यकताओं एवं प्रशासनिक निर्णयों के अधीन होगा। किसी प्रशिक्षण केन्द्र पर निर्धारित मानकों के अनुरूप आवश्यक संख्या में प्रशिक्षणार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित न होने, प्रशासनिक अथवा अन्य अपरिहार्य कारणों से प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन व्यवहार्य न पाए जाने अथवा निगम की व्यावसायिक एवं प्रशासनिक आवश्यकताओं के दृष्टिगत, निगम को संबंधित प्रशिक्षण केन्द्र के संचालन को **स्थगित, पुनर्गठित अथवा बंद** करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा। इस संबंध में निगम का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा तथा इस विषय में किसी प्रकार का दावा, आपत्ति अथवा प्रतिवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा |

## 2. आवेदन का तरीका

- ऑनलाइन :- ऑनलाइन आवेदन के लिये निगम की वेबसाइट **https://www.bharatiyapashupalan.com/** पर जायें तथा **Apply Online** पर क्लिक करें |
- ऑनलाइन आवेदन पत्र में समस्त वांछित सूचना अंकित करें। आवेदन भरने से पूर्व विज्ञप्ति को ध्यानपूर्वक पढ़ लें । कोई सूचना गलत या अपूर्ण भरने पर आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी ।

## 3. महत्वपूर्ण तिथियाँ

| क्र.स. | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि | 07 सितम्बर 2026 |
| 2. | ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 21 सितम्बर 2026 |

## 4. सूचना

- आवेदक विज्ञापित एक से अधिक पदों के लिए अलग - अलग आवेदन प्रस्तुत करे |
- रिक्त पदों की संख्या में कमी या वृद्धि की जा सकती है |
- उपर्युक्त मासिक वेतन / लाभ आपके कुल लक्ष्य के अनुसार आंकलित किया गया है | लक्ष्यानुसार कार्य नहीं करने पर मासिक वेतन का भुगतान नियमानुसार आनुपातिक कटौती कर किया जाएगा |
- उपर्युक्त मासिक वेतन के अलावा किसी भी प्रकार का अन्य भत्ता देय नहीं होगा |

5. पदवार रिक्तियों का विवरण:-

| क्र.स. | पदनाम | शैक्षणिक योग्यता | आयु सीमा | अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राज्य परियोजना प्रबंधक | • भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी/संस्था से किसी भी विषय में ग्रेजुएशन/पोस्ट ग्रेजुएट/MBA या इसके बराबर की योग्यता।<br><br>**वांछनीय योग्यता (Desirable Qualification):**<br><br>• पशुपालन, पशु चिकित्सा, कृषि, ग्रामीण विकास, प्रबंधन अथवा संबंधित क्षेत्र में कार्य अनुभव।<br>• पशुपालन, पशु स्वास्थ्य, कौशल विकास या ग्रामीण विकास से संबंधित परियोजनाओं में कार्य करने का अनुभव।<br>• कम्प्यूटर का सामान्य ज्ञान एवं एम.एस. ऑफिस (MS Office) का कार्यसाधक ज्ञान रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी। | 28-50 | 2 वर्ष |
| 2. | क्षेत्रीय परियोजना प्रबंधक | • भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी/संस्था से किसी भी विषय में ग्रेजुएशन/पोस्ट ग्रेजुएट या इसके बराबर की योग्यता।<br><br>**वांछनीय योग्यता (Desirable Qualification )**<br>• जिला एवं ब्लॉक स्तर की टीमों के साथ समन्वय एवं निगरानी का अनुभव।<br>• कम्प्यूटर का सामान्य ज्ञान तथा एम.एस. ऑफिस (MS Office), ई-मेल एवं इंटरनेट के कार्यसाधक ज्ञान रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।<br>• पशुपालन, पशु चिकित्सा, कृषि, ग्रामीण विकास, प्रबंधन अथवा संबंधित क्षेत्र में कार्य अनुभव। | 25-48 | 1 वर्ष |
| 3. | जिला कार्यक्रम अधिकारी | • भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी/संस्था से किसी भी विषय में ग्रेजुएशन की योग्यता।<br><br>**वांछनीय योग्यता (Desirable Qualification)**<br>• फील्ड टीम के साथ समन्वय एवं कार्यों की निगरानी करने का अनुभव।<br>• कम्प्यूटर का सामान्य ज्ञान तथा एम.एस. ऑफिस (MS Office), ई-मेल, MIS एवं डेटा रिपोर्टिंग का अच्छा ज्ञान एवं इंटरनेट का ज्ञान रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।<br>• हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में प्रभावी संचार एवं रिपोर्ट तैयार करने की क्षमता। | 21-45 | - |

BPNL
उन्नत पशुपालन, उन्नत भारत

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4. | ब्लॉक पशुपालक संपर्क एवं प्रवेश अधिकारी | भारत में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्था से किसी भी विषय में 12वीं उत्तीर्ण तथा भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी/संस्था से किसी भी विषय में ग्रेजुएशन की योग्यता।<br><br>**वांछनीय योग्यता (Desirable Qualification)**<br>• स्थानीय भाषा/क्षेत्र का ज्ञान और ग्रामीण स्तर पर पशुपालकों के साथ काम करने का अनुभव। | 18-40 | स्थानीयता का अनुभव |
| 5. | प्रशिक्षण केंद्र प्रबंधक | • भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी/संस्था से किसी भी विषय में ग्रेजुएशन की योग्यता। | 21-45 | - |
| 6. | MIS एवं कार्यालय सहायक | • भारत में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्था से किसी भी विषय में 12वीं उत्तीर्ण तथा भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी/संस्था से किसी भी विषय में ग्रेजुएशन की योग्यता।<br>**Basic Computer Knowledge** | 18-40 | वांछनीय |
| 7. | प्रशिक्षण केंद्र सहायक | • भारत में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्था से किसी भी विषय में 10वीं उत्तीर्ण \| | 18-40 | - |

**अन्य योग्यताएँ :-**

- **स्वास्थ्य** – निगम में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए उम्मीदवार अच्छे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का होना चाहिए |
- **चरित्र** - निगम में सीधी भर्ती के लिए आवेदक का चरित्र अच्छा / उत्तम होना चाहिए |
- **अनुभव** - निगम द्वारा उपरोक्त पदों हेतु मार्केटिंग क्षेत्र में रूचि रखने वाले अनुभवी आवेदक को वरीयता दी जायेगी।

**विशेष :**

- उपर्युक्त योग्यता रखने वाले उम्मीदवार इस भर्ती के लिये आवेदन कर सकते है, उम्मीदवार को चुनाव किए गए क्षेत्र में ही नियुक्ति का अवसर प्रदान किया जाएगा |
- पद संख्या 1 से 4 फील्ड जॉब है अतः चयनित आवेदकों को दिए गए फील्ड में कार्य कर नियमानुसार कार्य की रिपोर्टिंग करनी होगी |
- पद संख्या 5 से 7 के तहत आवेदकों को स्थानीय स्तर पर BPNL पशुपालक कौशल प्रशिक्षण केंद्र पर नियुक्ति दी जाएगी |

उन्नत पशुपालन, उन्नत भारत

## 6. आवेदन अंतिम तिथि

**दिनांक 21 सितम्बर 2026 रात्रि 12:00 बजे तक |**

## 7. आवेदन शुल्क

| क्र.स | पदनाम | वर्ग | आवेदन शुल्क * |
|---|---|---|---|
| 1. | राज्य परियोजना प्रबंधक | सभी वर्गों के लिए | 1180 |
| 2. | क्षेत्रीय परियोजना प्रबंधक | सभी वर्गों के लिए | 944 |
| 3. | जिला कार्यक्रम अधिकारी | सभी वर्गों के लिए | 826 |
| 4. | ब्लॉक पशुपालक संपर्क एवं प्रवेश अधिकारी | सभी वर्गों के लिए | 708 |
| 5. | प्रशिक्षण केंद्र प्रबंधक | सभी वर्गों के लिए | 526 |
| 6. | **MIS** एवं कार्यालय सहायक | सभी वर्गों के लिए | 526 |
| 7. | प्रशिक्षण केंद्र सहायक | सभी वर्गों के लिए | 526 |

- भारत सरकार के नियमानुसार आवेदन शुल्क में 18% GST शामिल है |
- निगम निजी क्षेत्र में पब्लिक लिमिटेड कम्पनी है आवेदन शुल्क सभी वर्गो के लिये समान है किसी भी प्रकार की छूट नहीं है |
- आवेदन शुल्क की राशि अप्रतिदेय अर्थात वापसी देय नहीं है |

## 8. पद अनुसार लक्ष्य, कार्य दायित्व, अधिकार, कर्तव्य एवं आपके लाभ

### 1. राज्य परियोजना प्रबंधक - मासिक वेतन: ₹50,000 - ₹70,000

**लक्ष्य एवं कार्य दायित्व :**

- राज्य स्तर पर परियोजना की संपूर्ण योजना, संचालन एवं निगरानी सुनिश्चित करना।
- आपके राज्य के प्रति केंद्र / प्रति सत्र (3 माह ) 100 की संख्या में प्रशिक्षणार्थियों की व्यवस्था करना।
- उक्त 100 प्रवेश प्रति केंद्र हेतु आपको नियुक्ति के पश्चात एक माह का ही समय दिया जायेगा।
- परियोजना के निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूरा कराना।
- क्षेत्रीय परियोजना प्रबंधकों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के कार्यों की निगरानी करना।

- राज्य स्तर पर पशुपालन, पशु प्रजनन, स्वास्थ्य एवं कौशल विकास से संबंधित गतिविधियों का समन्वय करना।
- परियोजना की प्रगति की समीक्षा कर उच्च स्तर पर रिपोर्ट प्रस्तुत करना।

**अधिकार :**

- राज्य स्तर पर परियोजना की गतिविधियों की समीक्षा एवं आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करना।
- प्रत्येक राज्य परियोजना प्रबंधक के अधीन 4 क्षेत्रीय परियोजना प्रबंधक होंगे।
- क्षेत्रीय एवं जिला स्तर की टीम से कार्य संबंधी जानकारी एवं रिपोर्ट प्राप्त करना।
- परियोजना की कार्यप्रणाली में आवश्यक सुधार हेतु सुझाव एवं अनुशंसा देना।
- निर्धारित कार्यक्षेत्र में आवश्यक प्रशासनिक एवं प्रबंधकीय निर्णय लेना।
- राज्य परियोजना प्रबंधक के कार्य क्षेत्र में यह संख्या नहीं होने या कम होने की स्थिति में निगम की लिखित अनुमति के साथ क्षेत्रीय परियोजना प्रबंधक नियुक्त किये जा सकेंगे।

**कर्तव्य :**

- परियोजना के निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करना।
- अधीनस्थ अधिकारियों के साथ नियमित समन्वय बनाए रखना।
- परियोजना की प्रगति एवं उपलब्धियों की नियमित समीक्षा करना।
- निगम को निश्चित प्रपत्र पर अपनी कार्यदायित्वों की रिपोर्ट देना |
- अन्य आदेशित कार्य आवश्यक रूप से करना |

**आपके लाभ :**

- लक्ष्यानुसार आपका मासिक वेतन 50,000/- से 70,000/- रु. देय होगा एवं प्रतिवर्ष मासिक वेतन में 10% बढ़ोतरी की जाएगी |
- मासिक लक्ष्य की प्राप्ति पर वाहन भत्ता निगम द्वारा अलग से देय होगा | लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होने पर यह वाहन भत्ता नहीं मिलेगा |

## 2. क्षेत्रीय परियोजना प्रबंधक- मासिक वेतन: ₹40,000 - ₹50,000

**लक्ष्य एवं कार्य दायित्व :**

- निर्धारित क्षेत्र में परियोजना की गतिविधियों का प्रभावी संचालन एवं निगरानी करना।
- आपके अधीनस्त जिलों के केन्द्रो पर प्रति केंद्र / प्रति सत्र ( 3 माह ) 100 की संख्या में प्रशिक्षणार्थियों की व्यवस्था करना।
- उक्त 100 प्रवेश प्रति केंद्र हेतु आपको नियुक्ति के पश्चात एक माह का ही समय दिया जायेगा।
- जिला कार्यक्रम अधिकारियों के कार्यों का समन्वय एवं समीक्षा करना।
- राज्य परियोजना प्रबंधक द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को क्षेत्र स्तर पर लागू कराना।
- क्षेत्र की प्रगति रिपोर्ट तैयार कर राज्य परियोजना प्रबंधक को प्रस्तुत करना।
- क्षेत्र में प्रशिक्षण, पशुपालन एवं पशु स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों की निगरानी करना।

**अधिकार :**

- संबंधित क्षेत्र की टीम को आवश्यक कार्य-दिशा एवं मार्गदर्शन देना।
- प्रत्येक क्षेत्रीय परियोजना प्रबंधक के अधीन 5 जिला कार्यक्रम अधिकारी होंगे।
- जिला स्तर के कार्यों की समीक्षा एवं प्रगति की जानकारी प्राप्त करना।

- कार्य में सुधार हेतु आवश्यक सुझाव एवं अनुशंसा देना।
- क्षेत्रीय बैठकों एवं परियोजना गतिविधियों का समन्वय करना।
- क्षेत्रीय परियोजना प्रबंधक के कार्य क्षेत्र में यह संख्या नहीं होने या कम होने की स्थिति में निगम की लिखित अनुमति के साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी नियुक्त किये जा सकेंगे।

**कर्तव्य :**

- क्षेत्रीय स्तर पर निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करना।
- जिला कार्यक्रम अधिकारियों के साथ नियमित समन्वय रखना।
- परियोजना की रिपोर्ट समय पर राज्य स्तर पर भेजना।
- कार्यों में आने वाली समस्याओं की जानकारी उच्च अधिकारी को देना।
- निगम/ राज्य परियोजना प्रबंधक को निश्चित प्रपत्र पर अपनी कार्यदायित्वों की रिपोर्ट देना |

**आपके लाभ :**

- लक्ष्यानुसार आपका मासिक वेतन 40,000/- से 50,000/- रु. देय होगा एवं प्रतिवर्ष मासिक वेतन में 10% बढ़ोतरी की जाएगी|
- मासिक लक्ष्य की प्राप्ति पर वाहन भत्ता निगम द्वारा अलग से देय होगा | लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होने पर यह वाहन भत्ता नहीं मिलेगा |

## 3. जिला कार्यक्रम अधिकारी - मासिक वेतन: ₹30,000 - ₹40,000

**लक्ष्य एवं कार्य दायित्व :**

- जिले में परियोजना की गतिविधियों का संचालन एवं निगरानी करना।
- आपके अधीनस्थ जिले में प्रति केन्द्र / प्रति सत्र ( 3 माह ) 100 की संख्या में प्रशिक्षणार्थियों की व्यवस्था करना।
- उक्त 100 प्रवेश हेतु आपको नियुक्ति के पश्चात एक माह का ही समय दिया जायेगा।
- ब्लॉक स्तर पर कार्यरत टीम के साथ समन्वय स्थापित करना।
- निर्धारित लक्ष्यों एवं कार्यक्रमों का जिला स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करना।
- जिले में पशुपालन, पशु स्वास्थ्य एवं प्रशिक्षण संबंधी गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा करना।
- जिला स्तर की रिपोर्ट तैयार कर क्षेत्रीय परियोजना प्रबंधक को प्रस्तुत करना।

**अधिकार :**

- ब्लॉक स्तर की टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश एवं कार्य संबंधी मार्गदर्शन देना।
- प्रत्येक जिला कार्यक्रम अधिकारी के अधीन 5 ब्लॉक पशुपालक संपर्क एवं प्रवेश अधिकारी होंगे।
- जिला स्तर पर परियोजना गतिविधियों की समीक्षा करना।
- प्रगति एवं कार्य निष्पादन से संबंधित जानकारी प्राप्त करना।
- आवश्यक सुधार के लिए सुझाव एवं अनुशंसा प्रस्तुत करना।
- जिला कार्यक्रम अधिकारी के कार्य क्षेत्र में यह संख्या नहीं होने या कम होने की स्थिति में निगम की लिखित अनुमति के साथ ब्लॉक पशुपालक संपर्क एवं प्रवेश अधिकारी नियुक्त किये जा सकेंगे

भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड

**कर्तव्य :**

- जिला स्तर पर परियोजना कार्यों को समय पर पूरा करना।
- ब्लॉक टीम के साथ नियमित संपर्क एवं समन्वय बनाए रखना।
- निर्धारित रिपोर्ट एवं अभिलेख समय पर तैयार करना।
- उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करना।
- निगम/क्षेत्रीय परियोजना प्रबंधक को निश्चित प्रपत्र पर अपनी कार्यदायित्वों की रिपोर्ट देना |

**आपके लाभ :**

- लक्ष्यानुसार आपका मासिक वेतन 30,000/- से 40,000/- रु. देय होगा एवं प्रतिवर्ष मासिक वेतन में 10% बढ़ोतरी की जाएगी |
- मासिक लक्ष्य की प्राप्ति पर वाहन भत्ता निगम द्वारा अलग से देय होगा | लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होने पर यह वाहन भत्ता नहीं मिलेगा |

## 4. ब्लॉक पशुपालक संपर्क एवं प्रवेश अधिकारी - मासिक वेतन: ₹20,000 - ₹25,000

**लक्ष्य एवं कार्य दायित्व :**

- ब्लॉक स्तर पर पशुपालकों से संपर्क स्थापित करना एवं उन्हें परियोजना से जोड़ना।
- केंद्र पर निगम के चाहे अनुसार प्रति सत्र ( 3 माह ) 50 की संख्या में प्रशिक्षणार्थियों की व्यवस्था करना।
- उक्त 50 प्रवेश हेतु आपको नियुक्ति के पश्चात एक माह का ही समय दिया जायेगा।
- पशुपालकों को परियोजना, प्रशिक्षण एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देना।
- पात्र पशुपालकों की पहचान एवं पंजीकरण में सहयोग करना।
- पशुपालकों की आवश्यकताओं एवं समस्याओं की जानकारी संबंधित अधिकारियों तक पहुँचाना।
- ब्लॉक स्तर पर परियोजना की गतिविधियों एवं जागरूकता कार्यक्रमों में सहयोग करना।

**अधिकार :**

- निर्धारित क्षेत्र में पशुपालकों से संपर्क एवं जानकारी एकत्र करने का अधिकार।
- पात्र लाभार्थियों/पशुपालकों को परियोजना संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना।
- क्षेत्रीय गतिविधियों के संचालन में संबंधित अधिकारियों से समन्वय करना।

**कर्तव्य :**

- पशुपालकों के साथ नियमित संपर्क बनाए रखना।
- सही जानकारी एवं आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराना।
- प्राप्त जानकारी एवं गतिविधियों का उचित रिकॉर्ड रखना।
- निगम / जिला कार्यक्रम अधिकारी को निश्चित प्रपत्र पर अपनी कार्यदायित्वों की रिपोर्ट देना

उन्नत पशुपालन, उन्नत भारत

**आपके लाभ :**

- लक्ष्यानुसार आपका मासिक वेतन ₹20,000 - ₹25,000 रु. देय होगा एवं प्रतिवर्ष मासिक वेतन में 10% बढ़ोतरी की जाएगी |
- मासिक लक्ष्य की प्राप्ति पर वाहन भत्ता निगम द्वारा अलग से देय होगा | लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होने पर यह वाहन भत्ता नहीं मिलेगा |

## 5. प्रशिक्षण केंद्र प्रबंधक - मासिक वेतन: ₹18,000 - ₹20,000

**लक्ष्य एवं कार्य दायित्व :**

- प्रशिक्षण केंद्र का सुचारु एवं प्रभावी संचालन सुनिश्चित करना।
- प्रशिक्षण कार्यक्रमों की योजना एवं समय-सारणी तैयार करना।
- प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति, प्रशिक्षण व्यवस्था एवं आवश्यक संसाधनों की निगरानी करना।
- प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षण केंद्र की टीम के साथ समन्वय करना।
- प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रगति एवं परिणामों की रिपोर्ट तैयार करना।

**अधिकार :**

- प्रशिक्षण केंद्र की दैनिक गतिविधियों के संचालन एवं प्रबंधन का अधिकार।
- प्रशिक्षण कार्यक्रम से संबंधित आवश्यक समन्वय एवं व्यवस्था करने का अधिकार।
- प्रशिक्षण केंद्र के कर्मचारियों को कार्य संबंधी दिशा-निर्देश देना।

**कर्तव्य :**

- प्रशिक्षण केंद्र में अनुशासन एवं उचित व्यवस्था बनाए रखना।
- प्रशिक्षणार्थियों को निर्धारित सुविधाएँ उपलब्ध कराना।
- प्रशिक्षण से संबंधित रिकॉर्ड एवं दस्तावेज सुरक्षित रखना।
- उच्च अधिकारियों को प्रशिक्षण की प्रगति की जानकारी देना।

**आपके लाभ :**

- कार्य दायित्व के अनुसार कार्य करने पर प्रतिमाह भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड द्वारा मासिक वेतन 18,000/- 20,000/- रु देय होगा |
- मासिक लक्ष्य प्राप्त नहीं करने पर मासिक आय में आनुपातिक कटौती की जायेगी एवं प्रतिवर्ष मासिक वेतन में 10% बढ़ोतरी की जाएगी |

## 6. MIS एवं कार्यालय सहायक - मासिक वेतन: ₹18,000 -₹20,000

**लक्ष्य एवं कार्य दायित्व :**

- परियोजना से संबंधित डेटा एवं रिकॉर्ड को व्यवस्थित एवं अद्यतन रखना।
- MIS में आवश्यक जानकारी का समय पर डाटा एंट्री एवं अपडेट करना।
- विभिन्न स्तरों से प्राप्त रिपोर्ट एवं जानकारी को संकलित करना।

- कार्यालय के दैनिक प्रशासनिक कार्यों में सहयोग करना।
- आवश्यक रिपोर्ट, दस्तावेज एवं पत्राचार तैयार करने में सहायता करना।

**अधिकार :**

- परियोजना से संबंधित आवश्यक डेटा एवं दस्तावेज प्राप्त कर उनका रिकॉर्ड तैयार करना।
- MIS एवं कार्यालय रिकॉर्ड को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपडेट करना।
- संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करने हेतु समन्वय करना।

**कर्तव्य :**

- डेटा की शुद्धता एवं गोपनीयता बनाए रखना।
- निर्धारित समय पर MIS एवं रिपोर्ट अपडेट करना।
- कार्यालय रिकॉर्ड एवं दस्तावेजों का उचित रख-रखाव करना।
- वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सौंपे गए कार्यालयीन कार्यों को समय पर पूरा करना।

**आपके लाभ :**

- कार्य दायित्व के अनुसार कार्य करने पर प्रतिमाह भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड द्वारा मासिक वेतन 18,000/- 20,000/- रु. देय होगा|
- मासिक लक्ष्य प्राप्त नहीं करने पर मासिक आय में आनुपातिक कटौती की जायेगी एवं प्रतिवर्ष मासिक वेतन में 10% बढ़ोतरी की जाएगी|

## 7. प्रशिक्षण केंद्र सहायक - मासिक वेतन: ₹12,000 -₹15,000

**लक्ष्य एवं कार्य दायित्व :**

- प्रशिक्षण केंद्र की दैनिक गतिविधियों में सहयोग करना।
- प्रशिक्षणार्थियों के लिए आवश्यक व्यवस्था एवं सुविधाएँ उपलब्ध कराने में सहायता करना।
- प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन में प्रशिक्षण केंद्र प्रबंधक एवं प्रशिक्षकों को सहयोग देना।
- प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति एवं आवश्यक रिकॉर्ड बनाए रखने में सहायता करना।
- प्रशिक्षण केंद्र की साफ-सफाई एवं व्यवस्थित संचालन में सहयोग करना।

**अधिकार :**

- सौंपे गए कार्यों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पूरा करने का अधिकार।
- प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आवश्यक जानकारी एवं निर्देश प्राप्त करने का अधिकार।
- प्रशिक्षण केंद्र की दैनिक व्यवस्था से संबंधित कार्यों में सहयोग एवं समन्वय करना।

**कर्तव्य :**

- प्रशिक्षण केंद्र प्रबंधक द्वारा दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना।
- प्रशिक्षणार्थियों के साथ उचित व्यवहार एवं सहयोग बनाए रखना।
- प्रशिक्षण सामग्री एवं केंद्र की आवश्यक वस्तुओं का उचित रख-रखाव करना।

- प्रशिक्षण केंद्र की व्यवस्था एवं अनुशासन बनाए रखने में सहयोग करना।

**आपके लाभ :**

- कार्य दायित्व के अनुसार कार्य करने पर प्रतिमाह भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड द्वारा मासिक वेतन ₹12,000/- ₹15,000/-रु. देय होगा |
- मासिक लक्ष्य प्राप्त नहीं करने पर मासिक आय में आनुपातिक कटौती की जायेगी एवं प्रतिवर्ष मासिक वेतन में 10% बढ़ोतरी की जाएगी

**विशेष :**

1. किसी भी कर्मचारी को किसी भी तरह का विज्ञापन, प्रचार - प्रसार सामग्री एवं अन्य स्टेशनरी का खर्चा निगम की अनुमति के बिना देय नहीं होगा | अतः उपरोक्त पर किसी भी तरह का खर्चा करने से पूर्व निगम से लिखित अनुमति प्राप्त करना आवश्यक है | बिना अनुमति के किये गये व्यय की जिम्मेदारी स्वयं कर्मचारी की होगी |
2. लक्ष्यानुसार कार्य नहीं करने पर मासिक वेतन का भुगतान नियमानुसार आनुपातिक कटौती कर किया जाएगा|
3. अंतिम रूप से चयनित सभी आवेदकों को निगम द्वारा 2.5 लाख रु. का दुर्घटना बीमा निःशुल्क किया जायेगा |

**9. चयन प्रक्रिया**

1. सर्वप्रथम अंतिम तिथि तक प्राप्त सभी आवेदन पत्रों की जाँच की जायेगी |
2. आवेदक आवेदन पत्र में स्वयं का मोबाइल नंबर व ई-मेल आईडी भरें | गलत मोबाइल नंबर एवं ई-मेल आईडी के लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा |
3. आवेदन पत्र प्राप्ति के पश्चात् फॉर्म में भरी गयी जानकारी के आधार पर ऑनलाइन परीक्षा (Online Exam) की सुचना विज्ञापन की अंतिम तिथि से एक माह के बाद आवेदक की रजिस्टर्ड ई मेल पर भेजी जायेगी | ऑनलाइन परीक्षा में सफल रहे आवेदकों को ई-मेल के द्वारा कार्य के सम्बन्ध में घोषणा पत्र भेजा जायेगा, जिसे आवेदक द्वारा 100 रूपये के स्टाम्प पेपर पर नोटेरी करवाकर डाक के माध्यम से निगम के पते पर भेजना होगा।
4. निगम द्वारा कार्य के सम्बन्ध में घोषणा पत्र भेजे जाने सम्बंधित ई-मेल में दिए गये सभी निर्देशों को आवेदक द्वारा अच्छी तरह पढ़ एवं समझ कर कार्य के सम्बन्ध में घोषणा पत्र को 100 रूपये के स्टाम्प पर नोटेरी करवाकर निगम कार्यालय में अंतिम तिथि तक भेजना आवश्यक है यदि किसी आवेदक द्वारा गलत व अपूर्ण घोषणा पत्र भेजा जाएगा तो, गलत व अपूर्ण घोषणा पत्र को निगम द्वारा निरस्त कर दिया जायेगा व साक्षात्कार की सूचना नहीं भेजी जायेगी |
5. जिन आवेदकों द्वारा निगम से भेजा गया कार्य के सम्बन्ध में घोषणा पत्र 100 रूपये के स्टाम्प पर नोटेरी करवाकर निगम कार्यालय में भेजा जायेगा केवल उन्ही आवेदकों को साक्षात्कार के लिये ईमेल के माध्यम से बुलावा भेजा जायेगा | साक्षात्कार के समय आवेदक को पद के अनुसार मूल शैक्षणिक दस्तावेज, पहचान पत्र व अनुभव प्रमाण पत्र व इन सभी की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति प्रस्तुत करनी होगी |
6. साक्षात्कार में सफल रहने वाले आवेदकों को कार्यशैली, रिपोर्टिंग व अन्य आवश्यक जानकारी के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिसकी सूचना निगम द्वारा आवेदक की रजिस्टर्ड ईमेल आई डी पर दी जायेगी | यह प्रशिक्षण जयपुर /लखनऊ में होगा जिसके लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा | प्रशिक्षण में होने वाला शेष व्यय निगम द्वारा वहन किया जायेगा |
7. अंतिम रूप से चयनित सभी आवेदकों को निगम द्वारा 2.5 लाख रु. का दुर्घटना बीमा निःशुल्क किया जायेगा |

| क्र.स. | पदनाम | लिखित परीक्षा | साक्षात्कार परीक्षा | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राज्य परियोजना प्रबंधक | 60 अंक | 40 अंक | 100 अंक |
| 2. | क्षेत्रीय परियोजना प्रबंधक | 60 अंक | 40 अंक | 100 अंक |
| 3. | जिला कार्यक्रम अधिकारी | 60 अंक | 40 अंक | 100 अंक |
| 4. | ब्लॉक पशुपालक संपर्क एवं प्रवेश अधिकारी | 60 अंक | 40 अंक | 100 अंक |
| 5. | प्रशिक्षण केंद्र प्रबंधक | 70 अंक | 30 अंक | 100 अंक |
| 6. | MIS एवं कार्यालय सहायक | 70 अंक | 30 अंक | 100 अंक |
| 7. | प्रशिक्षण केंद्र सहायक | 70 अंक | 30 अंक | 100 अंक |

**8.** आवेदक द्वारा लिखित परीक्षा के पश्चात कट ऑफ़ सूची जारी की जियेगी | जिसके पदों की संख्या के 1.5 गुना लिए जायेंगे लेकिन उसमे न्यूनतम 60 % अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा |

**9.** ऑनलाइन परीक्षा का सिलेबस व ऑनलाइन परीक्षा की विस्तृत जानकारी साथ में संलग्न है | आवेदक इसको ध्यानपूर्वक पढ़े व उसी अनुसार तैयारी करें |

## 10. परीक्षा का स्थान

- निगम द्वारा परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से ली जायेगी | आवेदक यह परीक्षा किसी भी कम्प्यूटर सेंटर, साइबरकैफ़े , लैपटॉप, डेक्सटॉप व मोबाइल के माध्यम से किसी भी स्थान से दे सकते है | इस परीक्षा के लिये निगम द्वारा कोई भी परीक्षा केंद्र व प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जायेगा, ऑनलाइन परीक्षा के लिए आवेदकों को एक लिंक उनकी रजिस्टर्ड ईमेल पर भेजा जायेगा। अधिक जानकारी साथ में संलग्न सिलेबस में दी गयी है उसको ध्यानपूर्वक पढ़े |

## 11. आवेदन प्रक्रिया

- ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व विस्तृत विज्ञापन (Vacancy PDF) / नियम व शर्तों को डाउनलोड कर सभी जानकारियों को आवश्यक रूप से पढ़े।
- इस भर्ती के लिए आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। किसी अन्य माध्यम (डाक, ई-मेल, व्यक्तिगत अथवा अन्य किसी प्रकार) से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। अभ्यर्थी निगम की आधिकारिक वेबसाइट https://www.bharatiyapashupalan.com पर जाकर "Apply Online" लिंक के माध्यम से निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

BPNL उन्नत पशुपालन, उन्नत भारत

- ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व स्कैन की हुई पासपोर्ट साइज फोटो एवं हस्ताक्षर (फोटो छः माह से ज़्यादा पुरानी नहीं होनी चाहिए) तैयार रखें |
- ऑनलाइन फॉर्म में मांगी गई सभी जानकारी आवश्यक रूप से भरे |

**स्कैन फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने के दिशा निर्देश :**

**फोटो अपलोड करने के दिशा निर्देश :**

- फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं होने पर आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है |
- आवेदक को रंगीन नवीन फोटो अपलोड करनी होगी, मोबाइल और अन्य स्वरचित फोटो का उपयोग न करें |
- फोटो में आवेदक का चेहरा कम से कम 55 प्रतिशत जगह घेरना चाहिए |
- यदि आप चश्मा पहनते है तो फोटो खिंचवाते समय चश्मा पहन सकते है, लेकिन चश्मे पर चमक (फ़्लैश) नहीं होनी चाहिए|
- आवेदक की फोटो में काला या धुप का चश्मा नहीं होना चाहिए |
- फोटो जेपीईजी (JPEG) प्रारूप में होनी चाहिए |
- फोटो फाइल का आकार 50 Kb. से 100 Kb. तक होना चाहिए |
- प्रवेश के समय आवदेन पत्र पर लगी हुई फोटो आवेदक से मेल खानी चाहिए, अन्यथा आवेदक अयोग्य ठहराया जा सकता है|

**हस्ताक्षर अपलोड करने के निर्देश :**

- हस्ताक्षर केवल आवेदक द्वारा किया जाना चाहिए, अन्य किसी व्यक्ति के द्वारा हस्ताक्षर मान्य नहीं होगा |
- केवल जेपीईजी(JPEG) प्रारूप को स्वीकार किया जाएगा |
- फोटो फाइल का आकार 20 Kb. से 50 Kb. तक होना चाहिए |
- प्रवेश के समय आवेदक के हस्ताक्षर अपलोड हस्ताक्षर से मेल खाने चाहिए, अन्यथा आवेदक अयोग्य ठहराया जा सकता है |

**ऑनलाइन भुगतान :**

- आवेदन शुल्क का भुगतान किसी भी बैंक के डेबिट कार्ड , क्रेडिट कार्ड, UPI, वॉलेट और नेट बैंकिंग से किया जा सकता है |
- आवेदन शुल्क का भुगतान कर आवेदक कॉपी अपने पास सुरक्षित रखें |
- आवेदक को सलाह दी जाती है कि वह आवेदन पत्र एवं आवेदन शुल्क की रसीद का प्रिंट लेकर भविष्य के लिए सुरक्षित रखें |
- आवेदन पत्र को निगम के कार्यालय में भिजवाना आवश्यक नहीं है |

BPNL
उन्नत पशुपालन, उन्नत भारत

- उपरोक्त भर्ती से सम्बंधित सभी सूचनायें निगम द्वारा ई - मेल आई डी के माध्यम से आवेदक को भेजी जायेगी| अतः आवेदक अपनी ई-मेल आई डी (स्वयं की) पूर्ण एवं सही लिखे | गलत पता एवं गलत ई - मेल आई डी लिखने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी |

## 12. निगम की मान्यताये और कानूनी स्थिति

1. भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड एक निजी क्षेत्र की पब्लिक लिमिटेड कंपनी है जिसकी स्थापना सन 2009 में की गयी थी | भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिये राजस्थान सरकार के " विश्वकर्मा कौशल विश्विद्यालय" द्वारा अधिकृत है |
   निगम के प्रशिक्षण साझेदार राजस्थान सरकार एवं भारत सरकार से संबंधित विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थान एवं उपक्रम रहे हैं, जिनमें प्रमुख रूप से—
   - **RSLDC – राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम, राजस्थान सरकार**
   - **ASCI – एग्रीकल्चर स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया, भारत सरकार**
   - **NSDC – राष्ट्रीय कौशल विकास निगम, भारत सरकार**
   - **VSU – विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी, राजस्थान सरकार**
   - **OICL – ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, भारत सरकार**
2. निगम के बारे में अधिक जानकारी के लिये निगम की आधिकारिक वेबसाइट https://www.bharatiyapashupalan.com पर जाये, अथवा निगम के आधिकारिक सोशल मीडिया चैनल व यूट्यूब चैनल को सब्सक्राइब करें | अन्य किसीमाध्यम से प्राप्त की गयी जानकारी के लिये भारतीय पशुपालन निगम जिम्मेदार नहीं होगा | निगम हेल्पलाइन न. 0141- 2202271, 9351899199 (सोमवार से शनिवार , सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक )
3. प्रत्येक पद हेतु आवेदन अलग - अलग करने होंगे |
4. आवेदन शुल्क की राशि अप्रतिदेय है अर्थात वापसी देय नहीं है |
5. किसी भी पद के लिए किये गए आवेदन को स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है | इस हेतु आवेदनकर्ता का कोई भी आपत्ति मान्य नहीं है |
6. निगम द्वारा पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन ही स्वीकार किये जायेंगे | अपूर्ण रहे आवेदनों को निगम द्वारा अस्वीकार कर सुचना ई - मेल आई डी अथवा डाक से भेजी जाएगी, एवं आवेदन निरस्त कर अन्य अवसर नहीं दिया जायेगा | आवेदन पत्र में ई - मेल आई डी ( स्वयं की ) लिखना अनिवार्य है | आवेदक द्वारा गलत ई - मेल आई डी लिखना अथवा निगम द्वारा भेजी गई ई - मेल को नहीं पढ़ने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी, एवं इस सम्बन्ध में निगम द्वारा कोई भी वाद- विवाद स्वीकार नहीं किया जायेगा|

# कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा — सिलेबस, स्कीम व पैटर्न

- ऑनलाइन परीक्षा में पूछे जाने वाले कुल प्रश्नों की संख्या - 60 (पद संख्या :- 1 से 4)
- ऑनलाइन परीक्षा में पूछे जाने वाले कुल प्रश्नों की संख्या - 70 (पद संख्या :- 5 से 7 )
- सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ (Objective Type) प्रकार के होंगे।
- परीक्षा का समय 30 मिनट का होगा। परीक्षा के समय एवं दिनाँक की सूचना आवेदक को उसकी रजिस्टर्ड ईमेल पर भेजी जाएगी।
- प्रत्येक सही उत्तर के लिये एक अंक दिया जायेगा। गलत उत्तर पर कोई भी Negative Marking नहीं होंगी। अतः आवेदक सभी प्रश्नो का उत्तर अनिवार्य रूप से दे।
- परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिये आवेदक को लिखित परीक्षा में पद संख्या ( 1 से 4 ) 60% अंक एवं पद संख्या ( 5 से 7 ) 70% अंक लाना अनिवार्य होगा | परीक्षा में Qualifying/Passing Marks में किसी भी प्रकार से कोई भी छूट व आरक्षण नहीं हैं।
- निगम द्वारा ऑनलाइन परीक्षा कराने का उद्देश्य प्रारम्भिक स्तरीय ज्ञान, मेहनती अभ्यर्थियों की आवश्यकता है।

**<u>ऑनलाइन परीक्षा का तरीका :</u>**

- ऑनलाइन परीक्षा के लिये आवेदकों को एक लिंक भेजा जायेगा। यह लिंक आवेदक को परीक्षा की दिनांक से ठीक दो दिन पहले आवेदक की ईमेल पर भेजा जायेगा। परीक्षा के समय से 15 मिनट पहले यह link Activate होगा।
- परीक्षा शुरू होने के समय से 15 मिनट पहले ही परीक्षा लिंक पर क्लिक कर आवेदक को सभी औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी।
- आवेदक को परीक्षा देने के लिये निम्न लिंक पर क्लिक करना होगा। लिंक पर क्लिक करने के बाद आवेदक को रजिस्ट्रेशन नम्बर व रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर डालना होगा। रजिस्ट्रेशन नम्बर व रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर आवेदक के आवेदन पत्र में दिया गया हैं। परीक्षा लिंक के साथ भी आवेदक को रजिस्ट्रेशन नंबर व रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर भेजा जायेगा |

**<u>नोट :</u>**

- ऑनलाइन परीक्षा लिंक भेजे जाने सूचना बाबत एक टेक्स्ट SMS आवेदक के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर भी भेजा जायेगा |
- सबमिट करने के बाद ऑनलाइन परीक्षा से सम्बंधित सभी निर्देश स्क्रीन पर आ जायेंगे । आवेदक इन सभी निर्देशों को ध्यान से पढ़े।
- आवेदक को परीक्षा देने से पूर्व हिंदी व अंग्रेजी में से एक भाषा का चुनाव करना होगा। हिन्दी व अंग्रेजी दोनों विषयों के अलावा सभी विषयों के प्रश्न हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषाओ में होंगे। यदि प्रश्न पत्र के हिंदी भाग में कोई त्रुटि है जैसे टाइपिंग त्रुटि या फ़ॉन्ट आदि की गलती है तो अंग्रेजी भाग में वक्त किये जाने वाले अर्थ को वरीयता दी जाएगी। इसका अर्थ है कि यदि हिंदी और अंग्रेजी के प्रश्नो में कोई अतंर है तो अंग्रेजी में अर्थ को वैध माना जायेगा।

**ऑनलाइन परीक्षा से सम्बंधित विशेष जानकारी :-**

- परीक्षा के दौरान किसी भी अनुचित सामग्री का उपयोग व नक़ल न करें।
- परीक्षा शुरू होने के बाद व समाप्त होने के बीच के समय में आवेदक द्वारा अपनी सीट नहीं छोड़ी जानी चाहिये।
- परीक्षा के दौरान आवेदक के कंप्यूटर अथवा लैपटॉप में कोई तकनीकी की कमी अथवा Power Failure से System बंद हो जाता है। तो निगम उसके लिये जिम्मेदार नहीं होगा। अतः आवेदक को सलाह दी जाती है कि परीक्षा से पहले कंप्यूटर/
- लैपटॉप/मोबाइल की जाँच कर ले और Power Backup रखें।
- आवेदक परीक्षा शुरू होने से पूर्व रफ़ कार्य के लिये पेपर व पेन अपने पास रखे।
- ऑनलाइन परीक्षा के लिये निम्न तकनीकी का कम्प्यूटर व लैपटॉप में होना आवश्यक होगा:

1. Desktop –Windows 2007 & Above
2. Browser – Google Chrome
3. Internet – 4G Speed
4. Complete Network/Signal

**परीक्षा का परिणाम :**

- आवेदक द्वारा दी गयी परीक्षा का परिणाम परीक्षा के सबमिट होने के बाद कंप्यूटर/लैपटॉप की स्क्रीन पर आ जायेगा।
- आवेदक द्वारा परिणाम का प्रिंट लिया जा सकेगा |
- आवेदक की रजिस्टर्ड ईमेल पर परिणाम से सम्बंधित ईमेल भेजा जायेगा। आवेदक अपना परिणाम व आगे की सूचना ईमेल पर भी देख सकते हैं |

**ऑनलाइन परीक्षा का सिलेबस (राज्य परियोजना प्रबंधक, क्षेत्रीय परियोजना प्रबंधक, जिला कार्यक्रम अधिकारी, ब्लॉक पशुपालक संपर्क एवं प्रवेश अधिकारी, प्रशिक्षण केंद्र प्रबंधक, MIS एवं कार्यालय सहायक, प्रशिक्षण केंद्र सहायक)**

## परीक्षा की स्कीम (राज्य परियोजना प्रबंधक, क्षेत्रीय परियोजना प्रबंधक, जिला कार्यक्रम अधिकारी, ब्लॉक सम्पर्क एवं प्रवेश अधिकारी)

| विषय | अधिकतम अंक | प्रश्न | समय |
|---|---|---|---|
| सामान्य ज्ञान / General Knowledge | 10 | 10 | 30 Minutes |
| पशुपालन / Pashupalan | 10 | 10 | 30 Minutes |
| गणित / Mathematics | 10 | 10 | 30 Minutes |
| Reasoning Ability | 10 | 10 | 30 Minutes |
| कम्युनिकेशन / Communication | 10 | 10 | 30 Minutes |
| प्रशासन एवं प्रबंधन / Administration and Management | 10 | 10 | 30 Minutes |

**परीक्षा की स्कीम (प्रशिक्षण केंद्र प्रबंधक, MIS एवं कार्यालय सहायक, प्रशिक्षण केंद्र सहायक)**

| विषय | अधिकतम अंक | प्रश्न | समय |
|---|---|---|---|
| कंप्यूटर का सामान्य ज्ञान / Basic Computer Knowledge | 10 | 10 | 30 Minutes |
| पशुपालन / Pashupalan | 10 | 10 | 30 Minutes |
| बेसिक अकाउंटिंग / Basic Accounting | 10 | 10 | 30 Minutes |
| Reasoning Ability | 10 | 10 | 30 Minutes |
| कम्युनिकेशन / Communication | 10 | 10 | 30 Minutes |
| कार्यालय प्रशासन / Office Administration | 10 | 10 | 30 Minutes |
| हिंदी / Hindi | 10 | 10 | 30 Minutes |

**नोट:-**

1. सभी प्रश्न बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे। व समान अंक के होंगे।

2. गलत उत्तर पर ऋणात्मक अंकन नहीं है।

## 1. सिलेबस (राज्य परियोजना प्रबंधक, क्षेत्रीय परियोजना प्रबंधक, जिला कार्यक्रम अधिकारी, ब्लॉक सम्पर्क एवं प्रवेश अधिकारी)

| विषय | पाठ्यवस्तु | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| सामान्य ज्ञान / General Knowledge | • समसामयिकी / Current Affairs<br>• खेल / Sports<br>• पुरस्कार / Awards<br>• नियुक्तियाँ / Appointments<br>• सरकारी योजनाएँ / Government Schemes<br>• महत्वपूर्ण सम्मेलन एवं घटनाएँ / Important Conferences and Events | 10 |
| पशुपालन / Pashupalan | • पशु प्रजनन / Animal Breeding<br>• नर एवं मादा प्रजनन अंग / Male and Female Reproductive Organs<br>• कृत्रिम गर्भाधान / Artificial Insemination<br>• गर्भावस्था एवं प्रसव / Pregnancy and Parturition | 10 |

BPNL
उन्नत पशुपालन उन्नत भारत

| | | |
|---|---|---|
| गणित / Mathematics | • सरलीकरण / Simplification<br>• लाभ और हानि / Profit and Loss<br>• समय और दूरी / Time and Distance<br>• प्रतिशत / Percentage<br>• समय और काम / Time and Work<br>• औसत / Average | 10 |
| तार्किक क्षमता / Reasoning Ability | • Directions<br>• Calendar<br>• Coding-Decoding<br>• Analogy | 10 |
| कम्युनिकेशन / Communication | • संचार प्रक्रिया / Communication Process<br>• संचार के प्रकार / Types of Communication<br>• प्रभावी संचार के 7 C's / 7 C's of Effective Communication<br>• औपचारिक और अनौपचारिक संचार / Formal and Informal Communication<br>• कार्यस्थल पर संचार / Communication in the Workplace | 10 |
| प्रशासन एवं प्रबंधन / Administration and Management | • संगठन का अर्थ एवं प्रकार / Meaning and Types of Organization<br>• संगठन के सिद्धांत / Principles of Organization<br>• प्रबंधन का अर्थ एवं महत्व / Meaning and Importance of Management<br>• प्रबंधन के कार्य / Functions of Management<br>• नियोजन, संगठन, निर्देशन एवं नियंत्रण / Planning, Organizing, Directing, and Controlling<br>• समन्वय / Coordination | 10 |

## 2. सिलेबस (प्रशिक्षण केंद्र प्रबंधक, MIS एवं कार्यालय सहायक, प्रशिक्षण केंद्र सहायक)

| विषय | पाठ्यवस्तु | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| कंप्यूटर का सामान्य ज्ञान / Basic Computer Knowledge | • कंप्यूटर की बुनियादी जानकारी / Computer Fundamentals<br>• कंप्यूटर के हिस्से / Parts of Computer<br>• ऑपरेटिंग सिस्टम / Operating Systems<br>• कंप्यूटर शॉर्टकट्स / Computer Shortcuts<br>• फ़ाइल और फ़ोल्डर मैनेजमेंट / File & Folder Management<br>• डेटाबेस की बुनियादी जानकारी / Database Basics | |
| पशुपालन / Pashupalan | • पशु प्रजनन / Animal Breeding<br>• नर एवं मादा प्रजनन अंग / Male and Female Reproductive Organs<br>• कृत्रिम गर्भाधान / Artificial Insemination<br>• गर्भावस्था एवं प्रसव / Pregnancy and Parturition | |
| गणित / Mathematics | • लाभ-हानि खाता / Profit & Loss Account<br>• लेखांकन शब्दावली / Accounting Terms<br>• बैलेंस शीट / Balance Sheet<br>• कैश बुक / Cash Book | |

| | | |
|---|---|---|
| तार्किक क्षमता / Reasoning Ability | • Directions<br>• Calendar<br>• Coding-Decoding<br>• Analogy | |
| कम्युनिकेशन / Communication | • संचार प्रक्रिया / Communication Process<br>• संचार के प्रकार / Types of Communication<br>• प्रभावी संचार के 7 C's / 7 C's of Effective Communication<br>• औपचारिक और अनौपचारिक संचार / Formal and Informal Communication<br>• कार्यस्थल पर संचार / Communication in the Workplace | |
| कार्यालय प्रशासन / Office Administration | • कार्यालय प्रशासन – अर्थ और महत्व / Office Administration – Meaning & Importance<br>• कार्यालय संगठन / Office Organization<br>• फाइलिंग सिस्टम / Filing System<br>• आने वाली और जाने वाली डाक / Inward & Outward Mail<br>• ई-मेल संचार / E-mail Communication | |
| हिंदी / Hindi | • अलंकार<br>• विलोम शब्द<br>• मुहावरे<br>• समास<br>• शुद्ध वर्तनी<br>• वाक्यांश हेतु एक शब्द<br>• पर्यायवाची<br>• संधि-विच्छेद | |

## महत्वपूर्ण निर्देश (Important Instructions):-

1. ऑनलाइन परीक्षा का पाठ्यक्रम उपर्युक्त विषयों तक सीमित रहेगा।

2. परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्न वस्तुनिष्ठ (Objective Type) होंगे।

3. निगम आवश्यकतानुसार पाठ्यक्रम में संशोधन, परिवर्तन अथवा अद्यतन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

4. परीक्षा से संबंधित नवीनतम जानकारी हेतु अभ्यर्थी समय-समय पर निगम की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

उन्नत पशुपालन, उन्नत भारत

**APPLY ONLINE**